ई–मेल द्वारा
अति महत्वपूर्ण/समयबद्ध

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की संस्थाएँ।

पत्रॉकः प्राशिप/अनु0–06/\\086 लखनऊः दिनॉकः 03/03/2025

विषयः सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून 2025 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले पात्र छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म **Student Login** के माध्यम से भराये जाने विषयक।

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर, परीक्षा जून 2025 दिनांक 12.05.2025 से प्रारम्भ होना प्रस्तावित है। जिसमें इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम की परीक्षायें प्रारम्भ में एवं फार्मेसी पाठ्यक्रम की परीक्षायें इंजीयिनरिंग पाठ्यक्रम की परीक्षाओं के पश्चात करायी जायेंगी सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून 2025 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले पात्र छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म दिनांक 25.03.2025 से 05.04.2025 के मध्य भराया जाना प्रस्तावित हैं।

अवगत हों कि अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देश के अनुक्रम में परिषद की वेबसाइट **www.bteup.ac.in** के द्वारा छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म **Student Login** के माध्यम से भराये जायेंगे एवं परीक्षा शुल्क का भुगतान छात्र/छात्राओं द्वारा **Online** के माध्यम से किया जायेगा, यदि संस्था द्वारा सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर, परीक्षा जून 2025 में सम्मिलित होने वाले पात्र छात्र/छात्राओं से परीक्षा शुल्क जमा करा लिया गया है, तो छात्र/छात्राओं को परीक्षा शुल्क वापस करे दें।

चूँकि उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म छात्र/छात्राओं के **Login** के माध्यम से भराया जाना है। अतः प्रत्येक छात्र/छात्रा का यूनिक मोबाइल नम्बर अपडेट होना अनिवार्य है। परन्तु परिषद के संज्ञान में आया है कि कतिपय छात्र/छात्राओं के **Student Login** में संस्था द्वारा छात्र/छात्राओं का डमी मोबाइल नम्बर अपडेट किया गया है, जो बहुत ही अन्यथा की स्थिति है।

अतः उक्त के दृष्टिगत छात्र/छात्राओं का मोबाइल नम्बर अपडेट करने हेतु अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 10.03.2025 से 15.03.2025 के मध्य लिंक उपलब्ध कराया जायेगा। अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि **Student Login** में छात्र/छात्रा का यूनिक मोबाइल नम्बर अपडेट करना सुनिश्चित करें। यदि किसी छात्र/छात्रा का **Student Login** नही बना है तो संबंधित छात्र/छात्रा का **Student Login** तत्काल बनाना सुनिश्चित करें। **Student Login** में छात्र/छात्राओं का यूनिक मोबाइल नम्बर अपडेट होना अत्यन्त आवश्यक है। अन्यथा छात्र/छात्रा Login नही कर पायेंगे। **यदि इसके पश्चात किसी संस्था द्वारा अथवा छात्र/छात्रा द्वारा Student Login में मोबाइल नम्बर अपडेट करने के लिये अनुरोध किया जाता है तो उनके अनुरोध पर परिषद द्वारा कोई विचार नही किया जायेगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व संस्था प्रबन्ध का होगा।**

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

पृ0 सं0 : प्राशिप/अनु06/\\087–91 तद् दिनांक 03/03/2025

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवगतार्थ प्रेषित।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र को इस आशय के साथ कि उपरोक्तानुसार अपने क्षेत्रान्तर्गत संस्थाओं को निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को, परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर प्रदर्शित करने हेतु।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।